Regarding setting up of a medical college in Shravasti district of Uttar Pradesh-laid

श्री रामशिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती):** मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र व विश्व प्रसिद्ध एतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थल, श्रावस्ती उत्तर प्रदेश की तरफ दिलाना चाहता हूँ । जहां भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल का तक सबसे अधिक 24 से 25 वर्षा तक व्यतीत किया और धम्म परिवर्तन और विश्व शांति का उपदेश दिया था । इस विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थल को देखने के लिए देश के कोने-कोने से और विदेशों से भी लाखों पर्यटक व बौद्ध अनुयाई प्रतिवर्ष श्रावस्ती आते हैं । यह जिला आकांक्षी जिलों के श्रेणी में आता है । यहां आज भी स्वास्थ व मेडिकल शिक्षा की मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का अभाव है । क्षेत्र की गरीब जनता गंभीर विमारियों के इलाज के लिए दूसरे जनपद गोरखपुर लखनऊ दिल्ली जाना पड़ता है । जिसकी वजह से उन्हें प्राईवेट हास्पिटल में इलाज कराने में बहुत ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है और प्राईवेट हास्पिटल- वाले मनमाने तरीके से पैसा वसूल करते है । सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना किया जाए ताकि यहाँ की गरीब जनता को कम खर्च में व समय पर इलाज हो सके । जिससे गम्भीर बीमारियों से होने वाली असमय मौतों को रोका जा सके ।